पंचदश बिहार विधान सभा

दशम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-31.07.2013 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, स०वि०स०	"आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति में आरक्षण नियमों की घोर अवहेलना की गई है । आरक्षण नियमों के विपरीत नियुक्ति करने पर दंड का प्रावधान है, फिर भी कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना ने अपने पत्रांक-9572, दिनांक-22.11.2012 के द्वारा आरक्षण नियमों की अनदेखी की है । अत: उक्त मामले की उच्चस्तरीय जांच एवं कठोर कार्रवाई करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट करता हूँ ।"	स्वास्थ्य

1	2	3	4
2.	डॉ० रण विजय कुमार, स०वि०स० श्री गजानन्द शाही, स०वि०स० श्री राज कुमार राय, स०वि०स०	"औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह विधान-सभा क्षेत्र सोन नहर प्रणाली से सिंचित है । परन्तु वर्त्तमान में यह व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त है । सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर में गाद जमा हो चुका है । मुख्य नहर से निःसृत सोनवर्षा माइनर, निरपुर माइनर, भगौतीपुर माइनर, दुलारचक माइनर तथा इनकी सभी उपवितरणियाँ मृतप्राय है । पटना मुख्य नहर से निःसृत माली माइनर तथा कोचहासा माइनर भी पूर्णतः ध्वस्त है । अतः इन नहरों की सफाई एवं अवैध आउटलेटों को हटाकर सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।"	लघु जल संसाधन

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-31/13- 1232 / वि०स०, पटना, दिनांक-30 जुलाई, 2013 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / स्वास्थ्य विभाग तथा लघु जल संसाधन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-31/13- 1232 / वि०स०, पटना, दिनांक- 30 जुलाई, 2013 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय / निजी सहायक, संयुक्त सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रभारी सचिव एवं प्रभारी संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।